भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 139
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिमी बंगाल में पर्यटन का विकास और संवर्धन

139. श्रीमती मौसम नूरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पश्चिमी बंगाल को पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) सरकार द्वारा राज्य में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए कार्यान्वित की गई प्रमुख योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन के विकास के लिए अनुमोदित, संस्वीकृत और निष्पादित परियोजनाओं का विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के संदर्भ में जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या राज्य में पर्यटन के लिए कोई पर्यटन विकास निधि सृजित की गई है और यदि हां, तो प्रत्येक योजना पर खर्च की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य को वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन संबंधी अवसरंचना के विकास के लिए पश्चिम बंगाल राज्य में 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के अंतर्गत भी परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ।

पर्यटन मंत्रालय पश्चिम बंगाल सहित देश के पर्यटन गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है । घरेलू तथा महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में ''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) और ''विदेशों में संवर्धन और प्रचार'' (ओपीपी)

योजनाओं के तहत संवर्धन कार्य किए जाते हैं । पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट - www.incredibleindia.org और सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से देश के पर्यटक गंतव्यों संबंधी सूचना का प्रचार भी किया जाता है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में पर्यटन विकास के लिए किसी पृथक निधि का सृजन नहीं किया है । तथापि पश्चिम बंगाल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

पश्चिमी बंगाल में पर्यटन का विकास और संवर्धन के संबंध में दिनांक 02.02.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 139 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना (**करोड़ रु. में**)

क्र. सं.	**राज्य**	**परिपथ/स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	पश्चिम बंगाल	तटवर्ती परिपथ 2015-16	बीच परिपथ का विकास: उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बक्खलाई-हेनरी द्वीप	67.99	65.07

प्रशाद योजना (**करोड़ रु. में**)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**
1.	पश्चिम बंगाल	बेलूर का विकास	2016-17	30.03	23.39

पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजना का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
वर्ष 2017-18					
1.	पश्चिम बंगाल	रामपुरहाट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	3.48	1.74
2.	पश्चिम बंगाल	तारकेश्वर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	3.87	1.93
वर्ष 2019-20					
3.	उत्तर प्रदेश (वाराणसी और इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II), बिहार	राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज के चढ़ने/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर घाटों के विकास के लिए सीएफए	भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण	28.03	7.01

	(भागलपुर), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (नीमाती, पांडु, जोगीघोपा और बिश्वनाथघाट)				
4.	पश्चिम बंगाल	न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.55	2.27
वर्ष **2022-23**					
5.	एनईआर	उत्तर पूर्वी राज्यों में 22 व्यू प्वॉइंट्स का विकास (i) नागालैंड (2 व्यू प्वॉइंट्स) (ii) मेघालय (3 व्यू प्वॉइंट्स) (iii) मिजोरम (9 व्यू प्वॉइंट्स) (iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यू प्वॉइंट्स) (v) मणिपुर (3 व्यू प्वॉइंट्स) (vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू प्वॉइंट्स)	राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	44.44	4.44

*****